हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

08 शिविर में पेंशनधारियों की समस्याओं किया निदान



10 शिक्षिका के घर से जेवरों और नकदी की चोरी का आरोपी...





## खबर संक्षेप

### इसी माह से खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जारी अंत्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डधारियों को आगामी 05 वर्ष तक मासिक पात्रता का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 के अंतर्गत जारी अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डों पर जिले में जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक मासिक पात्रता का चावल निःशुल्क वितरण जाएगा।

### घायल युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत रामपुर निवासी 42 वर्षीय कृष्णा कुमार दर्रो पिता जैन सिंह का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से 29 जनवरी 2023 को सुबह साढ़े 6 बजें ईलाज के दौरान धमतरी के निजी अस्पताल में मौत हो गया। वार्ड ब्वाँय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का दरगहन के पास एक्सीडेंट हो गया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। धमतरी मे शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कामय कर विवेचना में लिया है।

### अधेड़ की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम भीरागांव में बालोद जिला के ग्राम पटेली निवासी 51 वर्षीय शिशुपाल साहू पिता स्व. बिंझवार का 3 से 4 जनवरी के बिच अज्ञात कारणो से मौत हो गया। पुत्तरवाही भीरागांव निवासी 41 वर्षीय भुनेश्वर कोरेटी पिता मोहन राम ने पुलिस को बताया कि मृतक का अज्ञात कारणो के चलते मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से नाबालिग की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खरथा निवासी 17 वर्षीय मयंक साहू पिता कमलेश ने जहर खा लिया था, जिसका धमतरी के निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान 28 अगस्त को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खाया था, ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। धमतरी के थाना में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम किया गया है।

### दो शराबियों को पुलिस ने पकड़ा

**कांकेर।** नहरपुर थानांतर्गत सुरही मेन रोड के पास आरोपी राहुल नेताम पिता सुखराम, पुष्पेंद्र नेताम पिता हरीशचंद दोनो सुरही निवासी 4 जनवरी कि शाम साड़े 6 बजें सार्वजनिक स्थाना पर शराब पीते पकड़े गए। दोनो आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बिहान योजना से दूर हुई आर्थिक परेशानी

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मावलीपारा निवासी केसरी मंडावी भी ऐसी महिला हैं, जिन्होंने समूह से जुड़कर स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर होकर जीवन-यापन कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए केसरी मंडावी ने बताया कि जय बूढ़ादेव स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान योजना के तहत उन्होंने स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए 1 प्रतिशत की ब्याज दर पर लगभग 2 लाख रूपए का ऋण लिया। इस ऋण की राशि का उपयोग से उन्होंने किराना दुकान शुरू की। आज उन्हें दुकान से प्राप्त आय से बच्चों की पढ़ाई, खेती-बाड़ी के कार्य सहित अपने परिवार के भरण-पोषण में बहुत मदद मिल रही है।

# महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए भारतीय संविधान में कई प्रावधान, जानकारी होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा महाविद्यालय के छात्रों को महिला उत्पीड़न और उसे रोकने को लेकर भारतीय संविधान के प्रावधानों की जानकारी दिया गया।

पीजी कालेज की महिला उत्पीड़न समिति की संयोजक डॉ. बसंत नाग ने कहा कि आज की परिस्थिति में महिलाओं को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समाज के भय और परिवार के दबाव के कारण अपनी बातों को खुलकर नहीं कह पाते। शिक्षा और कानून और सजगता द्वारा अपनी समस्याओं को निदान कर सकते है। इसके लिए लड़कियों को मुखर होना पड़ेगा। अनुशासित और शालीन रहते हुए हम अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए भारतीय संविधान में कई प्रावधान है इनकी जानकारी होनी चाहिये। विधि विभाग के प्राध्यापक ने विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी प्रदान की, जिसमें पास्को एक्ट, कार्य स्थल पर महिला उत्पीड़न, गुड टच और बैड टच के संदर्भ में, घरेलू हिंसा, महिलाओं से संबंधित कानूनो के संशोधित स्वरूप एवं धारा 354, 376, 349 पर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम व समिति के सदस्य प्रो. ऋचा सगने, प्रो. अलका केरकेट्टा, डॉ. हेमलता साहू व अन्य प्राध्यापक का योगदान रहा।

## शिक्षा-कानून और सजगता से समस्याओं का निदान किया जा सकता है : नाग

### पांच प्रकार के होते हैं उत्पीड़न

विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनुपमा पटेल ने महिला उत्पीड़न के विभिन्न प्रकार के स्वरूपों एवं प्रकारों को बताते हुए कहा कि पांच प्रकार के उत्पीड़न होते है जिनमें मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, यौन, ख्याति अगर इस प्रकार से कोई भी व्यक्ति किसी को प्रताड़ित कर रहा हो तो आप अपनी शिकायते दर्ज कर सकते है।



### छात्रों ने किए प्रश्न प्राध्यपकों ने दिए जवाब

छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए लैंगिक भेदभाव, पॉस्को एक्ट, छेड़छाड़, मानसिक उत्पीड़न, ब्लैकमेल को लेकर विभिन्न प्रश्न किए, इन प्रश्नों के उत्तर बखूबी से प्राध्यापको के द्वारा दिया गया और इनको रोकने के उपाय भी बताए। इस अवसर पर छात्र लुब्धेश्वरी साहू ने कहा कि लड़कियों को किसी भी परिस्थिति में सजग रहते हुए कानूनी जानकारी की आवश्यकता है।

**समस्या :** मार्ग चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है

# अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग संकरा, होते रहते हैं हादसे, बीएसएफ वाहन पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रावघाट खदान चालू हो जाने के बाद अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग पर भारी वाहनों की संख्या बढ़ गई है, परंतु सड़क मार्ग सिंगल रोड होने के कारण इस मार्ग में लगातार हादसे बढ़ गई है। इस मार्ग में आने वाले गाँव के लोग कई माह तक भारी वाहनों के आवागमन को लेकर विरोध भी कर चुके है। इसी मार्ग पर बी ए स ए फ जवानों का मेटाडोर 5 जनवरी को दोपहर को साढ़े 12 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 13 जवान घायल हो गए, जिसमें 5 की हालत गंभीर होने के चलते एयर लिफ्ट से रायपुर भेजा गया वहीं 8 जवानों को नारायणपुर में प्राथमिक ईलाज के बाद कैंप भेज दिया गया। अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग के जीणोद्वार की आवाज कई बार उठाई गई, इस मार्ग पर नारायणपुर जिले की धौड़ाई खदान और रावघाट खदान में लौह अयस्क के उत्खनन होने से भारी वाहनों के आवागमन की संख्या बढ़ गई है। ग्रामीणों की लगभग एक साल से माँग है कि इस सड़क का चौड़ीकरण किया जाएं, परंतु इस सड़क को लेकर चौड़ीकरण के लिए अभी तक कोई पहल नहीं हो पाई है जबकि करोड़ो का लौह अयस्क का परिवहन इसी मार्ग से अभी तक हो चुका है। इस क्षेत्र के लोगो में इसी बात को लेकर नाराजगी बनी हुई है कि लौह अयस्क खदान प्रारंभ हो जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाएं इस क्षेत्र के लोगों को जो मिलनी चाहिए, वो आज तक नहीं मिल पाई है। जिले के अधिकारी खदान के ⏭ शेष पेज 8 पर

- धौड़ाई और रावघाट खदान में लौह अयस्क के उत्खनन से भारी वाहनों की संख्या बढ़ी
- अधिकारी खदान मालिकों व कंपनियों के अधिकारी से गुपचुप बात करते हैं पर समस्या का निदान नहीं



### बीएसएफ का वाहन पलटा

जानकारी के अनुसार रावघाट खदान ईलाके में फूलपाड़ में बीएसफ की 162 वीं बटालियन स्थित है। इस कंपनी के 13 जवान अवकाश लेकर मेटाडोर वाहन क्रमांक आरजे 19 यूए 7409 से दुर्ग की ओर जा रहे थे। यह वाहन 5 जनवरी को दोपहर को साढ़े 12 बजे के आसपास रावघाट थानांतर्गत ग्राम कुम्हारी के पास पलट गया, जिसके चलते वाहन में सवार जवान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वाहन कैसे पलटा, इसकी जानकारी रावघाट पुलिस नहीं बता पा रही है, वहीं वाहन बीएसएफ का होने के कारण उनके अधिकारी मीडिया से बात नहीं करते है, जिसके चलते वाहन कैसे पलटा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पांच जवानों को इलाज के लिए रायपुर भेजा गया

अंतागढ़ के एएसपी खोमन सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि रावघाट थानांतर्गत ग्राम कुम्हारी के पास बीएसएफ का वाहन पलटा, जिसमें 13जवान सवार थे, जो अवकाश पर जा रहे थे। वाहन के पलटने से वाहन में सवार 13 जवान घायल हो गए, जिसमें 8 की स्थिति सामान्य है वहीं 5 जवान गंभीर रूप से घायल थे, इन जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर ईलाज के लिए भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री प्रवास पर भाजपा की बैठक में की रूपरेखा तय





हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर प्रवास के एक दिन पहले 5 जनवरी को कमल सदन में बैठक हुई। आयोजित बैठक में प्रवास को लेकर तैयारियों पर रणनीति तैयार किया गया। बस्तर में सीएम के द्वारा विधानसभा में बेहतर काम करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार कमल सदन में 5 जनवरी को दोपहर को कांकेर विधायक आशाराम नेताम और भाजपा के जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सीएम के बस्तर प्रवास की जानकारी दिया गया। विधानसभा में बूथ स्तर पर काम करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किए जाने की जानकारी दिया गया। मंडल अध्यक्ष को बस्तर ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई और प्रवास को लेकर रणनीति तैयार किया गया। प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय के द्वारा बस्तर प्रवास के दौरान पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सांसद, विधायक, भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक प्रभारी, भाजपा मंडल के पदाधिकारी, भाजपा जिला के पदाधिकारी, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक सुमित्रा ⏭ शेष पेज 8 पर

# कांकेर और गोविंदपुर वार्षिक मेले के को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

क्षेत्र के विख्यात कांकेर एवं गोविंदपुर वार्षिक मेला के आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें बैठक में मेला के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, विद्युत एवं स्वास्थ्य सहित मेला स्थलों में नागरिकों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही आम जनता की जानकारी हेतु सभी विभाग के प्रभारी अधिकारियों का दूरभाष नंबर पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित करने के ⏭ शेष पेज 8 पर

- सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद जरूरी : सावित्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के संकुल केन्द्र मर्रामपानी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन का समापन 4 जनवरी को विधायक सावित्री मंडावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद जरूरी है। विधायक ने विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि पढ़ाई - लिखाई के ⏭ शेष पेज 8 पर

# शहर के कई मोहल्लों में पांच घंटे का रहा ब्लैक आउट, किसी को नहीं दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





शहर के कई मुहल्लो में 5 जनवरी को पाँच घंटे तक ब्लैक आउट रहा, बिना जानकारी के ब्लैक आउट किए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे से बंद हुई लाईट दोपहर को 3 बजे चालू हुई। बिजली सुधार करने वाले ठेकेदार के कर्मचारी कुछ भी जानकारी नहीं दे पा रहे थे।

जिला मुख्यालय के भंडारीपारा रोड़ और महादेव वार्ड में 5 जनवरी को बिना जानकारी के सुबह 10 बजे से अचानक बिजली बंद हो गई, इसकी जानकारी नहीं दिए जाने से कई मुहल्ले के लोग सुबह से परेशान हो गए। मुहल्लेवासियों का कहना था की बिजली विभाग का सारा काम ठेकेदार के लोग संभालते है और वो जब चाहे जहा चाहे वहां की बिजली बंद कर के काम करते है। ठेकेदार के पास सुरक्षा की दृष्टि से काम करने वालो के लिए कोई भी सामग्री है या नहीं इसका बिजली विभाग को जानकारी ही नहीं रहता और काम करने वाले बिना सुरक्षा बेल्ट के खंभो में चढ़ कर काम करते हैं। मुहल्लेवासी काम करने वालों से लाईट कब आएगी की जानकारी पूछते है तो ठेकेदार के कर्मचारी सही ढंग से जवाब नहीं देते, वहीं सीएसईबी का कोई कर्मचारी नहीं होने के कारण बिजली कब तक आएगी, इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाती है। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हर साल किसी न किसी की जान जाती हैं उसके बाद भी बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसर के कानो में जू तक नहीं रेंगता है। मुहल्लेवासियों का कहना है कि बिना सूचना के बिजली बंद कराकर काम किया जाता है, इसमें लापरवाह जिम्मेदार अमले पर कार्यवाही होना चाहिए। भंडारीपारा मार्ग में कार्य करवा रहे कर्मचारी प्रहलाद साहू का कहना है कि बिजली बंद करने से पहले किसी भी प्रकार की सूचना क्यों नहीं दी गई। उसका कहना था कि यह जिम्मेदारी विभाग के उच्च अधिकारियों को है। मुझे काम करवाने निर्देश दिया गया, मैं काम करवा रहा हूँ।

## नगर पंचायत अध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारियों ने दी हिदायत

# दुकान से बाहर सामान निकालने वाले व्यापारियों पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

नगर चारामा की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर नगर पंचायत के पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी सड़को पर उतरे और दुकादारों को हिदायत दिया के दुकान से बाहर सामान निकालने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस हिदायत के बाद व्यापारियों में हडकंप मच गया वहीं नगरवासियों का कहना है कि दुकानदार अपने दुकान के अंदर सामान रखकर दुकानदारी करें तो शहर के यातायात की समस्या पूरी तरह से हल हो जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन सहित प्रशासनिक अमला 5 जनवरी को सदर बाजार पहुंचे। जायजा के दौरान अवैध रूप से रखे सामान, पोस्टर, फ्लेक्स को व्यवस्थित करने दुकानदारों को समझाईश दिया गया। ठेला और फल दुकान वालो को मंडी के पास जगह दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी दुकानदारों को समझाईश व हिदायत दिया गया है, इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ तो अगले गुरूवार से जुर्माना की कार्यवाही किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दुकानदारो को अपने समानो को दुकानो के सामने नहीं रखे जाने की समझाईस दिया गया। समान दुकान से बहार रखने से मार्ग सकरा हो जाता है, जिससे आवागमन में लोगो को परेशानी हो रही है। मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। दुर्घटनाए होने का संभावना भी बनी हुई हैं। इस समस्या को लेकर 3 जनवरी को व्यापारियों की बैठक बुलाया गया।

बैठक मे सदर बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था के संदर्भ में प्रत्येक गुरुवार बाजार के दिन दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक बड़ी गाड़ियों का आवागमन प्रतिबंधित रखने के लिए कहा गया। प्रत्येक गुरूवार को दीनदयाल चौक एवं मार्केटिंग सोसायटी के सामने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसके बाद ठेला विक्रेता, फल विक्रेता गुरुवार से मंडी गेट के अंदर पीपल वृक्ष के पास व्यवस्थित किया जाएगा। सदर बाजार में स्थित सभी दुकानदार नाली के ऊपर या आगे अपना बैनर पोस्टर लगाए है या समान रखते है, वे नाली के पीछे अपना सामान और पोस्टर बैनर व्यवस्थित करने कहा गया। अगर कोई व्यापारी निर्माण सामग्री निर्माण पूर्ण होने के बाद समय पर व्यवस्थित नही करते है, तो जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा जो ठेले खोमचे थाना के सामने लगे है, उन्हे अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए कहा गया। नगर पंचायत के सभा कक्ष में नगर पंचायत अध्यक्ष, सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा की उपस्थिति में ⏭ शेष पेज 8 पर

- पोस्टर, फ्लेक्स को व्यवस्थित करें दुकानदार, ठेला और फल दुकानों के लिए मंडी के पास जगह दी गई है



**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### मड़ेली में 6 से जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता

**जीजामगांव।** संत कर्मा माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 जनवरी तक किया गया है। आयोजन की तैयारी में संत कर्मा माता सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### बोरिदकला में मानसगान सम्मेलन 6 से

**पुरूर धमतरी।** ग्राम बोरिदकला में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 जनवरी तक किया है। ग्रामीण नीलाम्बर सिन्हा ने बताया कि 9 जनवरी को मड़ई होगी। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए चारामा साल्हेटोला का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### भैंसबोड़ में गायत्री महायज्ञ 7 जनवरी से

**अंवरी।** ग्रामवासियों एवं गायत्री परिवार के सहयोग से ग्राम भैंसबोड़ में 7 से 10 जनवरी तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन शांतिकुंज के ऋषि पुत्रों द्वारा किया जायेगा।

### जीजामगांव में 16 से संगीतमय शिव महापुराण कथा

**जीजामगांव।** शिव शक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव के रावणभाठा बाजार चौक में सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 23 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधर नाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस देव स्थापना, द्वितीय दिवस शिव कथा प्रारंभ, तृतीय दिवस शिव तत्व महात्म्य, चतुर्थ दिवस नंदी जन्म कथा, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह, षष्टम दिवस कार्तिक जन्म, सप्तम दिवस गणेश जन्म, अष्टम दिवस शिव गीता, हवन होगा। आयोजन की तैयारी में शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### डांडेसरा में रामायण 19 से, मड़ई 22 को

**डांडेसरा धमतरी।** नव युवा संगठन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से खेल मैदान डांडेसरा में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक किया गया है। प्रतियोगिता में ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए ग्राम दुर्रे बंजारी तहसील दुरिया जिला महाराष्ट्र सीमा छत्तीसगढ़ का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक समिति के श्रवण नागे, हरिशंकर साहू, शेषनारायण साहू, प्रभुराम साहू, छेदन नागे, कैलाश साहू, महेश साहू, किरण साहू, बंशीलाल नागे, सियाराम रात्रे जुटे हुए हैं।

### सलोनी के छात्रों ने जाना बैंक में कैसे होता है काम

**धमतरी।** छात्रों ने बैंक में खाता-बही मेंटेन करने का तरीका सीखा। उन्होंने जाना किडेबिट-क्रेडिट कैसे होता है। ब्याज, सर्विस चार्ज की गणना करने की विधि भी सीखी। हायर सेकेंडरी स्कूल सलोनी में संचालित व्यवसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत ट्रेड बैंकिंग विषय के कक्षा 11वी और 12 वी के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

## आयकर गणना के लिए फार्म समय पर उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शिक्षक संघ तहसील शाखा एवं विकासखण्ड शाखा दुर्गुकोंदल के पदाधिकारी शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं का निराकरण के प्रत्यासा में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ अध्यक्ष चेतन पोटाई, तहसील अध्यक्ष बैजनाथ नरेटी, ब्लॉक सचिव पंचम नरेटी, ब्लॉक कोषाध्यक्ष बाल सिंह रावटे, रामप्रसाद उसेंडी के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे को सघं के पदाधिकारीयों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संघ के 10 सूत्रीय मांगों में आयकर गणना के लिए वेतन पर्ची एवं फॉर्म 16 समय सीमा पर उपलब्ध कराने, शिक्षकों के सर्विस बुक एवं पासबुक की द्वितीय प्रति का साधारण कर सत्यापित किया जाए, समय मान वेतनमान के पात्र शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराई जाए, प्रथम, द्वितीय और तृतीय समयमान शिक्षकों को अति शीघ्र लाभ दिया जाए, शिक्षकों का प्रकरण समय सीमा पर निपटारा किया जाए, शिक्षकों को बार-बार कार्यालय आना न पड़े, बिना किसी कारण वाश शिक्षकों का वेतन न रोकें एवं रोकने की स्थिति में संबंधित शिक्षक को पूर्व लिखित सूचना



दी जाए, शिक्षा सत्र में सेवानिवृत शिक्षकों की सूची संगठन को प्रदान किया जाए तथा सेवानिवृत शिक्षकों के स्वातव की भुगतान समय सीमा में किया जाए, सिटीजन चार्ट कार्यालय में लगाई जाए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए टीमवर्क आवश्यक है, इसीलिए शिक्षकों से मित्रवत व्यवहार की जाए, नवोदय प्रयास चयन परीक्षा एवं एकलव्य में चयन परीक्षा के संबंध में चर्चा की जाए। खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों के समस्याओं को देखते हुए ज्ञापन सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बाबूलाल कोमरे, गोवर्धन ठाकुर, जगन्न नरेटी, अरुण कुमार ध्रुव, त्रिवेणी साहू, रमेश सोनकर, हीरामन, नाग कुमार दुग्गा उपस्थित रहे।

## शिविर : भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में शिविर का किया गया आयोजन

# शिविर में पेंशनधारियों की समस्याओं किया निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया।



जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे पशु विभाग के एक प्रकरण न्यायालय प्रकरण होने के कारण प्रत्याशित पेंशन दिए जाने का सुझाव दिया गया है। कृषि विभाग भानुप्रतापपुर अंतर्गत एक मृतक कर्मचारी का सीपीएस लॉगिन संबंधी समस्या आ रही थी जिसका मौके पर निराकरण किया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल कोड़ेकुर्से के एक प्रकरण में नॉमिनी द्वारा ओपीएस विकल्प चयन किया गया था जिसका परिवार पेंशन तैयार किए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीएमओ दुर्गूकोंदल के अंतर्गत एक कर्मचारी का जन्म तिथि में त्रुटि सुधार के लिए संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर को प्रकरण प्रेषित करने निर्देश दिए गए। साथ ही एक प्रकरण में परिवार पेंशन तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कोषालय अधिकारी पेंशनर समाज के बैठक में भी सम्मिलित हुए जिसमें 2 आवेदन प्राप्त हुए। एक प्रकरण में पीपीओ नंबर का सुधार संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर से कराया जायेगा। इसके अलावा परिवार पेंशन के एक प्रकरण में जीवित प्रमाण पत्र अपलोड करने संबंधी बैंक से सम्पर्क कर निराकरण किया जाएगा।

शिविर में जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम, सहायक कोषालय अधिकारी संगीता कावड़े, उप कोषालय अधिकारी लूमन साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### साल्हेटोला में सात दिनी विशेष शिविर आयोजित

**नरहरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमा विद्यालय लारगाँव मरकाटोला में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर का पोषित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बाबू साल्हेटोला में आयोजित किया गया। आयोजित विशेष शिविर के उद्घाटन में सरपंच संघ अध्यक्ष विकासखंड नरहरपुर से बलदेव सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य पुष्पा मांडवी, प्राचार्य यतीशचन्द्र शुक्ल, पुनू राम प्रधान, बृजलाल साहु, मन्नु राम रामटेके, रंजिता नुचार्य एवं ग्रामीण जन के बीच का कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम ने शिविर का संक्षिप्त स्वरूप को बताते हुए युवाओं को देश, समाज और पर्यावरण सुरक्षा के लिए ऊर्जावान बनने के लिए संकल्पित होने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ वॉलेन्टियर्स द्वारा लक्ष्य गीत और देशभक्ति गीत से किया गया।

# हाटकोंदल शिविर में तीसरे दिन हुई बौद्धिक परिचर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि हाटकोंदल का सात दिवसीय शिविर तराईघोटिया में लगाया गया है, जिसमें कैड्टसों को बौद्धिक परिचर्चा में कई जानकारी दिया जा रहा है।

शिविर में आयोजित होने वाले बौद्धिक परिचर्चा में ललित नरेटी ने स्वयं सेवको से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए मेहनत के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। हमें असफलता से घबराना नहीं है, बल्कि असफलता से सीख लेकर अपनी कमियों को दूर करते हुए सफलता की सीढ़ी पर चढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व कार्यों को अपने जीवन में आत्मसात करके मजबूत समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

युवा ही भविष्य के मजबूत कर्णधार हैं, इसलिए विद्यार्थी जीवन से ही हम सकारात्मक और तर्कशील सोच विकसित करें। इससे गांव, समाज और देश के लिए योगदान दे सकें। कार्यक्रम अधिकारी शोभित राम पाल ने समय नियोजन के महत्व को बताया। बौद्धिक परिचर्चा में व्याख्याता चिंताराम ठाकुर, लोमन कुमार चंद्राकर, टेमन कुमार साहू, वंदना ठाकुर, रुक्मिणी शोरी व स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# कुम्हारबड़गांव में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद व अन्य गतिविधि का आयोजन समय-समय पर किया जाना है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, इस उद्देश्य के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसगांव टीडी नेताम के मार्गदर्शन में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन फरसगांव ब्लॉक के ग्राम कुम्हारबडगांव में सरपंच सुकलू राम नेताम की अध्यक्षता में 03 जनवरी को विधिवत शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में 4 संकुल अंतर्गत 24 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के 203 छात्र छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख खेल गतिविधि में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, दौड़, लम्बी कूद, ऊची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम किया गया। इन गतिविधियों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर बच्चे बहुत उत्साहित महसूस कर रहे है। इस प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी की उपस्थित में किया गया। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में माध्यमिक वर्ग में माशा कुम्हारबड़गांव चैंपियन एवं माशा हाथीपखना उप चैंपियन बनी, वहीं प्राथमिक वर्ग खेलों में प्राथमिक शाला सोडापारा चैंपियन एवं प्राथमिक शाला सल्फीपदर उपचैंपियन बनी। इनके साथ सभी खेलों में प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में ज़ोन प्रभारी सोहन सिंह पोयाम, सीएससी सुनहेर नेताम, माधव कुमार, अटलखाम साहू, सपन बोस, सनत मरकाम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित ग्रामीणों का योगदान रहा। फरसगांव ब्लॉक के सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंस राज सिन्हा से मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी को फरसगांव क्षेत्र के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम पलना में रखा गया है।

# आयुष्मान और चिरायु योजना से मिला बच्ची को जीवनदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

भारत सरकार की चिकित्सा के क्षेत्र में जीवन दायिनी योजना आयुष्मान एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु गरीब लोगो के लिए वरदान साबित हो रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित इस योजना के माध्यम से जिले के कई बच्चे लाभान्वित हुए हैं। इसी तरह विकासखंड चारामा के ग्राम शाहवाड़ा निवासी छवि लाल साहू की पुत्री रिबिका साहू 2 वर्ष का स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु दल द्वारा आंगनबाड़ी शाहवाड़ा में किया गया। परीक्षण के उपरांत ह्दय गति में अनियमितता व वजन की कमी पाई गई थी। चिरायु दल द्वारा बालाजी हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड की सहायता से ह्दय की जांच कराई गई स जाँच में बच्ची जन्मजात ह्दय रोग से ग्रसित पाई गई। बच्ची का ऑपरेशन श्रीसत्य सांई संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर में सफलता पूर्वक किया गया । परिणाम स्वरूप वर्तमान में बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है एवं परिवार भी चिरायु योजना एवं आयुष्मान योजना के द्वारा हुए ईलाज से संतुष्ट है। इसके बाद चिरायु टीम द्वारा ऑपरेशन के पश्चात बच्ची का नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है। बच्ची वर्तमान में सामान्य बच्चों की तरह अपने व्यवहार में वापस लौट आई है।

# दुर्गूकोंदल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को एटीएम की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को एटीएम की स्वीकृति मिली थी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में एटीएम प्रारंभ होने पर विधानसभा भानुप्रतापपुर क्षेत्र विधायक सावित्री मनोज मंडावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदलपुर, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर सैयद अहमद रजा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्गुकोंदल के शाखा प्रबंधक कौशल कुमार सिन्हा का क्षेत्र के किसानों ने आभार व्यक्त किया गया है। जिला सहकारी बैंक में खातेदारों की संख्या दिनों दिन बढ़ने के कारण लेनदेन के लिए खातेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को देखते हुए तत्कालीन भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी ने किसानों के समस्या को देखते हुए केंद्रीय जिला सहकारी बैंक जगदलपुर से एटीएम खुलवाने के लिए विशेष प्रयास पर यह एटीएम खुला। बैंक में खाते में राशि आहरण करने पहुंचे किसानों को सबसे ज्यादा समस्या होती है। जिला सहकारी बैंक में वर्तमान में 7000 खातेदार है, प्रतिदिन 500 किसान राशि आहरण करने बैंक पहुंचते हैं, अधिक भीड़ होने से कई बार बिना पैसे आहरण किए लौटना पड़ता है। जिला सहकारी बैंक एवं अन्य बैंक के लगभग हजारों खातेदारों के पास एटीएम कार्ड बैंक के द्वारा जारी किया गया, लेकिन यहां सहकारी बैंक मैं एटीएम नहीं होने से परेशानी हो रही थी। एटीएम की मांग को लेकर किसानों ने कई बार आवेदन देकर समाचार पत्रों के माध्यम से एटीएम लगाने की मांग की गई थी, जो कि जिला सहकारी बैंक जगदलपुर के द्वारा स्वीकृति मिल चुकी और प्रारंभ भी हो गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, व्यापारी, समाजसेवी एवं किसानों में खुशी देखी जा रही है एवं वहीं क्षेत्र के किसानों के द्वारा बैंक प्रबंधन को आभार व्यक्त किया गया।




# मरकटोला फत्तेचंद में तीन दिनी मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार।

धनेलीकन्हार के ग्राम मरकटोला फत्तेचंद में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ 5 जनवरी को कलश यात्रा निकाल डीजे की धुन के साथ किया गया। कलश यात्रा में गांव का भ्रमण कर वापिस मानस गान स्थल पर पहुंची कलश यात्रा जहां भगवान राम के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ प्रयास मानस मंडली मरकाटोला ने किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच गायत्री धुर्वा ने समस्त ग्रामवासी को बधाई दी। इस सम्मेलन के पहले दिन 6 मानस मंडलियो ने अपनी प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर उपसरपंच नारद साहू, ग्राम पटेल शिव प्रसाद हिचमी, छबि हिचामी, शांता ठाकुर, कार्यक्रम अध्यक्ष चमन यादव, सयोजक मुक्तेश्वर ठाकुर मुन्ना, सरक्षक डॉ. माखन गंजीर, सचिव मनीष साहू, विकेश हिचामि, जागेश नाग, रामगुलाब पटेल, रामयश पटेल, नरेन्द्र दिपक, विशाली राम जैन, घसिया राम हिचामी संहित पंच गण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष ...

### अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग...

मालिकों व कंपनियों के अधिकारी से गुपचुप ढंग से बात करते है और जनता की कतई नही सोंचते है। ग्रामीणों का यहीं कहना है कि सड़क का चौड़ीकरण हो गया होता तो आज जो हादसा हुआ है, वो हादसा नहीं होता। ग्रामीणों की माँग केवल सड़क चौड़ीकरण की नही है, इसके अलावा भी कई प्रमुख माँगे है, उन पर भी जिला प्रशासन ने आज तक कोई पहल नहीं किया है। ग्रामीणों की मानें तो सड़क के चौड़ीकरण नहीं होने के चलते ही यह हादसा हुआ है।

### मुख्यमंत्री प्रवास पर...

मारकोले, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश कार्यसमित सदस्य भरत मटियारा, दिलीप जायसवाल, राजीवालोचन सिंह, राजा देवनानी, दीपक खटवानी, अरूण कौशिक, देवेंद्र भाऊ, टेकेश्वर जैन, नीलू तिवारी, गिरधर यादव, राकेश शर्मा, संजय सिन्हा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत यादव, पार्षद जयंत अटभैया, पार्षद मीना उके, पार्षद उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम, सरिता यादव के अलावा भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांकेर और गोविंदपुर...

भी निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर द्वारा पुलिस विभाग द्वारा मेला स्थल में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने तथा यातायात व्यवस्था के लिए रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कांकेर एवं गोविंदपुर मेला स्थल में संपूर्ण अवधि के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु एसडीएम कांकेर द्वारा मजिसट्रियल ड्यूटी लगाई जाएगी। मेला के दौरान विद्युत व्यवस्था के निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग द्वारा तैयारी की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोनों मेला स्थल में कैम्प लगाकर पर्याप्त चिकित्सकों के दल आवश्यक दवाइयों के साथ उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा बैठक में फायर बिग्रेड एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, खाद्य सामग्रियों की जांच, देव स्थलों में पूजा व्यवस्था, मेला भाठा की साफ-सफाई, दुकान आबंटन, शौचालय, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण पर कार्यवाही सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपनी बात रखते हुए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, सरपंच गोविन्दपुर सतरूपा कांगे, एसडीएम कांकेर मनीष साहू, डीएसपी मोहसिन खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मेला आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### बच्चों के सर्वांगीण...

साथ -साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का होना भी जरूरी है। शिक्षा हर बच्चे के लिए जरूरी है। खेल से अनुशासन की सीख मिलती है। सभी पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजकर उनके सर्वांगीण विकास में भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में पहुंचीं सावित्री मनोज मंडावी ने क्षेत्रवासियों की मांग पर मर्रामपानी से तुमरीटोला तक 2 किमी सड़क डामरीकरण व नदी में शीघ्र ही पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया। जिससे स्कूली बच्चों को आवागमन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े, वहीं ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने स्कूल के हाईस्कूल के आंगन में साईकिल स्टैण्ड, प्राथमिक शाला भवन निर्माण कराने की बात कही। विजयी प्रतिभागियों को विधायक ने पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमिता उयके,नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर सुनील बबला पाढ़ी, जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता, जनपद सदस्य राधा जैन, ह्दयराम बघेल, सरपंच सुखई सुमित्रा दुग्गा, सरपंच कर्रामाड़ परागबाई बढ़ाई, उपसरपंच दशोबाई कल्लो व अन्य उपस्थित रहे।

### दुकान से बाहर सामान...

व्यापारी संघ के अध्यक्ष जुगल किशोर खत्री, संरक्षक मदन जैन, देवसाय देवांगन, नारायण पंजवानी, प्रदेश मंत्री वपन बोस, उपाध्यक्ष उत्तम किरी, अंकित जैन, एसआई प्रदीप, उमादेवी शर्मा, उपअभियंता पूजा सार्वा, लेखापाल रविंद्र पांडे, महेंद्र भंसाली, रतन बोस, पन्नालाल चोपड़ा, हरीश सबनानी, मानव असरानी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# नव पदस्थ कलेक्टर मयंक ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के आईएएस मयंक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने यहां से स्थानांतरित कलेक्टर विनीत नंदनवार से कलेक्टर पद का प्रभार प्राप्त किया है। मयंक चतुर्वेदी इससे पहले गौरेला पेंड्रा मरवाही में सहायक कलेक्टर, एसडीएम और धमतरी जिले में सीईओ जिला पंचायत तथा आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एसडीएम जयंत नाहटा, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य विभागीय अधिकारी गण मौजूद थे।

# विधायक अटामी ने हाईस्कूल कासोली का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने अपने गृह ग्राम कासोली पहुंच स्कूल का निरीक्षण किया। हाईस्कूल कासोली में शिक्षक व छात्रों से विधायक अटामी रूबरू हुए और शाला प्रबंधन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा समस्या का निराकरण करवाने हेतु आश्वस्त किया। भाजपा विधायक चैतराम अटामी का शिक्षकों व छात्रों ने भव्य स्वागत किया। अटामी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारना उनकी प्राथमिकता है। दंतेवाड़ा जिले के छात्रों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान हासिल कर दंतेवाड़ा का नाम देश और प्रदेश भर में रोशन कर गौरवांवित किया है। हमारी प्राथमिकता है कि हमारे जिले के होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिये जो भी यथासंभव प्रयास हो वो करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में दंतेवाड़ा का नाम और ऊंचाई तक जाये इसके लिये हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

## बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा ने ली बैठक

# भाजपा का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह जगदलपुर में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी बस्तर संभाग द्वारा भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को पीएमटी हॉस्टल ग्राउंड जगदलपुर में आयोजित किया गया है। इस सन्दर्भ में भाजपा बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा ने भाजपा दंतेवाड़ा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता सम्मिलित हो, इसको लेकर चर्चा कर रुपरेखा तैयार की।

विधायक चैतराम अटामी व पूर्व सांसद दिनेश कश्यप भी बैठक में उपस्थित हुए। बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा ने कहा कि बस्तर समेत प्रदेश की पूरी 11 सीटें जीतकर पुनः विश्व के लोकप्रिय व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। आप सभी ने जिस प्रकार मेहनत कर दंतेवाड़ा विधानसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल की। उसके लिये आप सभी दंतेवाड़ा विधानसभा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को मैं पुनः बधाई देता हूं एवं हम सभी के लिए गौरव की बात है कि सर्वप्रथम बस्तर संभाग में कल कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेंगे। आप सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होवें। इस कार्यक्रम में ओजस्वी मंडावी, कमला विनय नाग, रामबाबू सिंह गौतम, धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, मुकेश शर्मा, सत्यजीत सिंह, सुनीता भास्कर, सत्यनारायण महापात्र, दुर्गा सिंह चौहान, मुन्ना मरकाम, पायल गुप्ता, मनीष सुराना, कुलदीप ठाकुर, पूरन सोनी, बैसू मंडावी, राहुल असरानी, आशीष चौहान, महावीर महेश्वरी, कुणाल ठाकुर, उरदो ठाकुर, डीपी मिश्रा, सोमड़ू कोर्राम, कमला बैरागी, कामो कुंजाम, शैलेश अटामी, राघवेंद्र गौतम, कृष्णकांत शिवहरे, मोहन ठाकुर, नीलम ठाकुर, निखिल नाग, अमित भदौरिया, चंदन ध्रुव, बीरु गौतम, कमल ठाकुर, भूपेंद्र, शिव, झुम्मक लाल ठाकुर, हरीश मरकाम, राजेश नाग, शंभू वट्टी समेत समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# नगर में 17 को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में गीदम नगर में 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से नगर के हनुमान मंदिर से श्रीरामलला की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान श्रीराम दरबार झांकी, पारम्परिक वाद्य यंत्रों, बस्तर संस्कृति की झलक, भजन कीर्तन, श्रीराम जय राम जय जय राम के मंत्रोंचारण के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 22 जनवरी को नगर के प्रत्येक मंदिर में साज सज्जा की जाएगी व घरों में सुंदर काण्ड का पाठ किया जाएगा। नगर को दीपों से सजाया जायेगा। साथ ही दंतेवाड़ा जिले के सभी कार सेवकों का सम्मान किया जायेगा। गौरतलब है कि अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण 1 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। हिंदू संगठनों के स्वयं सेवकों के द्वारा अक्षत और भगवान राम की फोटो के साथ पत्रक घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पर रख कर राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने कहा जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से आगामी 15 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के लाखों हिंदू परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अभियान में विहिप, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन प्रत्येक ग्राम, बस्ती तक पहुंच कर, प्रत्येक हिंदू परिवार को पीले चावल दे कर अयोध्या में श्रीरामलला के नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण दे रहे है। इसके साथ ही विहिप व अन्य हिंदू संगठनों ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी, तब सभी यह कार्यक्रम समूह में देखे, सभी मंदिरों में भव्य आरती हो। उस दिन दीपावली जैसा वातावरण संपूर्ण नगर, ग्राम, बस्ती में तैयार हो, हर घर में भगवा पताका, रंगोली, लाइटिंग, आतिशबाजी, एवं दीप जला कर सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्सव मनाया जाए।

- श्रीराम दरबार झांकी, भजन कीर्तन, श्रीराम जय राम जय जय राम के मंत्रोंचारण के साथ निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

# वर्ष 2023 नक्सलियों पर पुलिस के जवान रहे भारी

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

वर्ष 2023 जिला बीजापुर सुरक्षा बलों के लिये उपलब्धि पूर्ण रहा है। वर्ष 2023 में पुलिस के जवान नक्सलियों पर भारी पड़े। सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच हुए 22 मुठभेड़ में मद्देड़ एरिया कमेटी के सचिव नागेश पदम सहित 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली। वर्ष में 1 नग एके-47 सहित 5 हथियार, 74 कारतुस, 82 आईईडी, 58 डेटोनेटर एवं 400 मीटर इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया। मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नक्सलियों ने वर्ष में 12 आम नागरिकों की हत्या की, वर्ष 2022 में नक्सलियों से लोहा लेते हुये मुठभेड़ एवं आईईडी विस्फोट की घटना में 8 जवान शहीद हुए एवं 19 जवान घायल हुए। बीते एक साल में सुरक्षा बलों द्वारा 150 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर वर्ष भर में कुल 78 नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर शासन की योजना का लाभ ले रहे है एवं खुशहाल परिवारिक जीवन जी रहे है। छग शासन की त्रिवेणी योजना के तहत क्षेत्र के समग्र विकास एवं नक्सल उन्मूलन अभियान हेतु वर्ष 2023 में 8 नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना की गई।

- 22 मुठभेड़ में 4 हार्डकोर नक्सली ढेर, 150 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

# नवनियुक्त शिक्षकों के लंबित वेतन का शीघ्र हो भुगतान : शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गीदम के पदाधिकारी के द्वारा खंड शिक्षा कार्यालय में ज्ञापन देकर नव नियुक्त शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान के संबंध में चर्चा किया गया। गौरतलब है कि ब्लाक के कुछ नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन लंबित है। जिससे सम्बंधित शिक्षकों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के द्वारा इन बिंदुओं को रखा गया व शिक्षकों को शीघ्र वेतन भुगतान के सम्बंध में कार्यवाही करने हेतु मांग रखा गया। जिसमें कार्यालय के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जनवरी माह के अंत तक सभी शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों में ब्लाक अध्यक्ष केसव स्वर्ण, संरक्षक धनेंद्र सोनी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चौहान, संरक्षक ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, ब्लाक उपाध्यक्ष द्वय बसंत यादव व ठाकुर राम सेठिया, सह सचिव राकेश नाग, जिला मीडिया प्रभारी योगेश सोनी, संरक्षक मैनु नेताम, संगठन मंत्री मनोज कुड़ियाम, सह कोषाध्यक्ष लव तारम मौजूद रहे।

# एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सतत निरीक्षण के दौरान सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी ने बस्तर अंचल स्थित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूलों का सघन निरीक्षण किया। अधिकारी द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान सभी शालाओं में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, अध्यापक दैनंदिनी का नियमित संधारण करना, बच्चों की छात्रवृत्ति योजना का शत-प्रतिशत पंजीयन करना, पात्र छात्रों के जाति प्रमाण पत्र की शाला स्तर पर की जाने वाली अग्रिम कार्यवाही की पूर्णता करना, छात्रों का स्काउट, गाइड हेतु पंजीयन करना जैसी गम्भीर विषयों के बारे में सतत कार्य करने सभी प्रभारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कई शालाओं में बच्चों द्वारा निर्मित वाटिका का भी अवलोकन किया गया जो सराहनीय था। अधिकारी द्वारा प्राथमिक शाला बोडन पाल में पदस्थ शिक्षक अश्वनी नेताम की ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जांच भी सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। अधिकारी के निरीक्षण के दौरान अधिकतर शालाएं विधिवत संचालित पाई गई। उन्होंने बताया कि उनका सतत निरीक्षण इसी प्रकार जारी रहेगा।

निरीक्षण के समय अधिकारी के साथ संकुल समन्वयक देवेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे। उन्होंने आगाह किया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।

# अल्फा इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में मना 35वां वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के प्रथम अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय अल्फा इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में गत दिवस 35वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस समारोह में प्रातः काल आम सभा रखी गई थी। जिसमें जिले के नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूर्यकुमार वाजपेयी, उपाध्यक्ष संजय लुंकड और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी ने भी अपनी भागीदारी दी। साथ ही अन्य अतिथियों में आत्मानंद हिन्दी मीडियम के प्राचार्य प्रभाकर शर्मा, विकास गवैल बीएमओ, रामबती मांझी पार्षद, नगर के वरिष्ठ व्यापारी शामिल रहे। साथ ही पालक गणों ने भी अपनी भागीदारी दी। संध्या काल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विक्रम शाह मंडावी ने अपनी भागीदारी दी। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन शाला के संचालक केएसएस.नायर और रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

# घायल महिला का बना आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र गंगालूर के ग्राम मुदवेंडी की रहने वाली ग्रामीण महिला मासे सोड़ी सोमवार शाम पुलिस नक्सली मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग के दौरान घायल हुई थी। जिससे मासे सोड़ी की दांए हाथ की उंगली में गोली लगी थी। राज्य शासन द्वारा पीड़ित महिला को सात लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गयी, जिसके लिए पीड़ित महिला का आधार ऑपरेटर एवं सुपरवाइजर द्वारा बायोमेट्रिक एक्सेप्शन प्रोसेस से आधार कार्ड पंजीयन किया गया। जिसे यूआईडीएआई स्टेट टीम छत्तीसगढ़ की सहायता से तत्काल आधार कार्ड निर्माण कराया गया। आधार कार्ड त्वरित बनने से पीड़ित महिला को सहायता राशि प्राप्त करने में आसानी हुई।

## निधन



### हाजी उमर खान

**जगदलपुर।** नगर के कुम्हारपारा निवासी राज्य परिवहन निगम के रिटायर्ड ट्रैफिक सुपरवाइजर हाजी मोहम्मद उमर खान का गुरुवार की सुबह पौने पांच बजे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान देहांत हो गया। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे फहीम खान,कमर खान,समीर खान, पत्रकार इमरान खान और इरफ़ान खान के पिता थे। जिन्हें बाद नमाज़े मगरिब जगदलपुर के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद कार्यालय भोपालपटनम में भोपालपटनम परियोजना के आंगनबाड़ी का एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों को अनैतिक मानव व्यापार, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, सखी वन स्टाप सेंटर और बाल अधिकार और संरक्षण तंत्र की जानकारी जिसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय बोर्ड व बालक कल्याण समिति की भूमिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का उद्देश्य, किशोर-किशोरी सशक्तिकरण अंतर्गत बाल विवाह की हानियां, बाल विवाह के रोकथाम के उपाय, किशोरियों के पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित मुद्दे एवं समाधान, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक-बालिकाओं को स्कूल से जोड़े जाने पर एवं बच्चा गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम 2017, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं से अनुरोध किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित होवे और इन सभी मुद्दों पर चर्चा करें। तभी हम ग्राम पंचायत को बाल सुलभ पंचायत बना सकते हैं, और ग्राम पंचायत का वातावरण ऐसा हो जो कि हिंसामुक्त वातावरण हो। आप सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे आस-पास में ऐसे कोई भी बालिका न हो जो स्कूल से वंचित हो, बालिका शिक्षा से वंचित होने की दशा में अपने अधिकारों से भी वंचित हो जायेंगे। इस कारण से शोषण का स्तर बढ़ जायेगा। अज्ञानता के कारण किशोरियों के द्वारा अपनी बात भी नहीं रख पायेंगे, कि महिलाओं, किशोरियों के साथ होने वाले अत्याचार को कहां पर बताये और दर्ज कराये। इस कारण से महिला उत्पीड़न संबंधी समस्त अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। जिला बाल संरक्षण इकाई से नवीन मिश्रा संस्थागत अधिकारी एवं नवा विहान से शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी ने उक्त जानकारी दी।

# शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के बीआरसी बस्तर में 2 जनवरी से ब्लॉक के समस्त प्राथमिक व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हितधारकों (शिक्षक) बाल लैंगिक शोषण के मुद्दे को संबोधित करने के लिए प्रासंगिक ज्ञान और कौशल के साथ प्रशिक्षित करना है। इस प्रशिक्षण के साथ शिक्षक माता-पिता तथा वयस्क भागीदारों के लिए इस विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे तथा बच्चों को उनकी आयु अनुसार जानकारी देने में सक्षम होंगे और असुरक्षित परिस्थितियों का सामना करने के लिए बच्चों को प्रभावी ढंग से तैयार करेंगे। अर्पण संस्था के प्रशिक्षक कुसुम नाईक, मिलिंद मुरूडकर द्वारा सभी शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आज के प्रशिक्षण में अरूण देवांगन बीईओ बस्तर, राजेन्द्र ठाकुर बीआरसी बस्तर, शैलेंद्र तिवारी, लखेराम बिसाई, विष्णु यादव, धर्मेन्द्र अग्रवाणी, संतोष अग्रवाणी, कमल उइके, फगनू राम एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# पिकअप सहित 24 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला प्रशासन की गठित टीम अवैध धान की निगरानी की जा रही है, जिसमें मंडी की ओर से ग्राम कै कागढ़ के पास से पिकअप से 24 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते पकड़ा। टीम ने वाहन एवं अवैध धान को पुलिस को सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध धान परिवहन पर प्रतिबंध लगाने हेतु दल के नायब तहसीलदार अंकित रात्रे नानगुर द्वारा गुरूवार की शाम ग्राम कै कागढ़ के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिना कागजात के धान का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जिला प्रशासन की ओर से गठित संयुक्त जांच दल के अधिकारी तहसीलदार के नेतृत्व में वाहन रोक कर जांच किया गया। अवैध परिवहन करते पाए जाने पर उसे नानगुर पुलिस में जब्त कर सौंपा गया। उसके बाद मंडी के निरीक्षक उप्पल रमेश कुमार द्वारा मंडी अधिनियम के निहित प्रावधानों के तहत जब्ती प्रकरण की कार्रवाई की गई। पिकअप क्रमांक सीजी 05 एसी 4901 में 60 बोरा 24 क्विंटल, जिसकी कीमत 52 हजार 800 रूपए बताई जा रही है।

## लालचर्च में गरीबों को मिला क्रिसमस गिफ्ट



**जगदलपुर।** क्रिसमस के बाद लालचर्च में समाज के गरीब, अनाथ, निशक्तजन , विधवाओं, बुजुर्गों को क्रिसमस का गिफ्ट और उनके साथ भोजन की व्यवस्था रखी गई। चन्दैया मेमोरियल मेथाडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च के प्रांगण में मसीह समाज के सभी गरीब, विधवा, अनाथ, निशक्तजनों को महिला समिति की ओर से क्रिसमस का गिफ्ट बांटा गया। इस अवसर पर बिशप डा.एस.सुना, पास्टर लारेंस दास, प्रापर्टी कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। महिला समिति की अध्यक्षा प्रवीणा पौलुस, शिखा नादन, सुलभा चौधरी, सुषमा बाघ, नैरिस विवेकानंद, वेरोनिका दानी, शीला राव मौजूद थे।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख मोहम्मद एजाज़ पिता मोहम्मद अमीर हुसैन निवासी म.नं. 181/2, संतोषी मंदिर के पीछे वार्ड नं. 15 भानुप्रतापपुर कांकेर (छ.ग.) 494669 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मोहम्मद एजाज़ रिज़वी पिता मोहम्मद अमीर हुसैन रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मोहम्मद एजाज़ रिज़वी पिता मोहम्मद अमीर हुसैन से ही जाना पहचाना जावे।

**मोहम्मद एजाज़ रिज़वी**
म.नं. 181/2, संतोषी मंदिर के पीछे वार्ड नं. 15 भानुप्रतापपुर कांकेर (छ.ग.) 494669

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### नगर में निकाली जा रही है प्रभात फेरी



चारामा। श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण एवं जनजागरण के लिए सुबह 6 से 7 बजे तक हनुमान मंदिर बंगलापारा से भव्य प्रभात फेरी नगरवासियों द्वारा निकाली जा रही है। इसी क्रम में उड़ीसा मलकान गिरी से पैदल अयोध्या के लिए निकले दो श्रीराम भक्त दिनेश पटनायक व भगवान दुर्गा का अपने नगर चारामा प्रवेश पर उनका भव्य स्वागत किया गया व प्रभात फेरी में भी दोनो ध्वज लेकर साथ चले। श्रीराम जी की जयकारों के साथ प्रतिदिन वार्डो में जनजागरण का कार्य धर्मानुरागी बंधुजन द्वारा किया जा रहा है। साथ ही जन जागरण व आमंत्रण के लिए निकले आयोजन कर्ता भक्तो ने नगर के सभी भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए कहा गया।

### 22 को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त दिवस को जिले की देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, एफ.एल.-4 (क) व्यावसायिक क्लब एवं एफ.एल.-7, सैनिक कैंटीन को पूर्णतः बंद रखने तथा जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

## निधन

### प्रेमाराम चौधरी



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल व्यापारी संघ के सदस्य कुम्भा चौधरी के पिताजी राजस्थान निवासी प्रेमाराम चौधरी का निधन 5 जनवरी को हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कोनरी जोधपुर राजस्थान में किया जाएगा।

अपराध : आरोपी ने नकदी समेत सोने चांदी के आभूषण तथा होण्डा एक्टिवा को किया था पार

# शिक्षिका के घर से जेवरों और नकदी की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चौगेल में दीपावली गोवर्धन पूजा त्यौहार मनाने गये परिवार के घर आरोपी ने दरवाजा तोड़कर नगदी रकम समेत सोने चांदी के आभूषण तथा एक्टिवा एवं सरकारी कागजात को चोरी कर फरार हो था। रिपोर्ट पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और अज्ञात चोर की पतासाजी पुलिस टीम गठित की गई।

मुखबीर से जानकारी मिला की उक्त चोरी में ग्राम साल्हे निवासी विमल गावड़े पिता जेठुराम गावड़े उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम साल्हे पुलिस चौकी कच्चे संलिप्त है। मामले संदेही आरोपी घटना घटित कर फरार हो गया था। सायबर सेल कांकेर के मदद से



आरोपी का लोकेशन ग्राम साल्हे चौकी कच्चे में होने से 05 जनवरी पुलिस आरोपी विमल गावड़े पिता जेठुराम गावड़े को हिरासत में लेकर पुछताछ की। आरोपी से सोने के आभुषण व अन्य गहने एवं नगदी रकम 5013.00 रू. एवं होण्डा एक्टीवा वाहन को आरोपी के कब्जा से जप्त किया और न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय पेश किया।

प्रार्थी कोषन लाल भुआर्य पिता स्व. शत्रुघन भुआर्य की रिपोर्ट के अनुसार लकर में रखे सोने का कंगल पुरानी कीमती लगभग 8000/- रूपया, सोने का चैन कीमती लगभग 5000/- रूपया चांदी का पायल कीमती लगभग 5000/- रूपया, सोने का झुमका कीमती लगभग 5000/- रूपया, सोने का लकेट कीमती लगभग 3000/- रूपया, सोने की अंगुठी कीमती लगभग 3000/- रूपया, नगदी रकम 50,000/- रूपया, 01 नग एटीएम कार्ड जो तुलसीराम तारम के नाम से था व घर के सामने पोर्च में रखे होण्डा एक्टिवा पुरानी इस्तेमाली कीमती लगभग 20,000/- रूपया कुल कीमती लगभग 99,000/- रूपया एवं कन्या आश्रम शाला ग्राम किनारी भानुप्रतापपुर का दाखिल खारिज पंजी, पी.एफ.एम.एस. पंजी, बैठक पंजी, बैंक ऑफ बड़ोदा का पासबुक, वैभव किराना दुकान का समान खरीदी का पंजी को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

# करमोती में बाल मेले का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

शासकीय हाईस्कूल प्रांगण करमोती में बाल मेला का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य कमलेश निषाद, सरपंच बालो पोटाई ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपसरपंच श्याम सिंह सोनवानी, शाला समिति अध्यक्ष धरम सिंह निषाद, ग्राम पटेल चंद्रकांत पटेल ,किरण नेताम, चंद्रकांत पोटाई, सुनील मंडावी सहित पालक गण और ग्रामीण उपस्थित थे।

व्याख्याता नीतू लाटिया के संयोजन और शिक्षकों को सहयोग से आयोजित बाल मेला में शैक्षिक, व्यंजन ,शाक सब्जी और विविध स्टाल लगाए गए थे। जन प्रतिनिधियों, पाल कों और ग्रामीणों ने खरीदारी की और आनंद लिया।मेले में जनपद प्रा० शा०,माध्यमिक शाला,और हाईस्कूल करमोती को छात्र छात्राओं भागीदारी की।मेला के आयोजन में शालेय शिक्षक,व्याख्याता के चनाप,डी.एस.चुरेंद्र, कुमदिनी पैंकरा, राजमणी नुचार्य ,अंकिता देशमुख ,फरीदा बानो,दमयंती जैन,उर्मिला सोरी,अकील कुरैशी,श्रेया कोरे,दामिनी चौहान ,भारती कोसमा,और ललिता सेन का सराहनीय योगदान रहा।

# कोलर में नवीन प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास उद्घाटित

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलर के प्रांगण में नवीन प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास का शुभारंभ जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य धन्तेशश्वरी वट्टी के करकमलो से संपन्न किया गया यह क्षेत्रवासियों के लिए बहुत हर्ष का विषय है कि पूर्व कई वर्षों से शासन प्रशासन से क्षेत्र वासियों द्वारा मांग किया जा रहा था जिसमें ग्राम पंचायत बैदसाल्हेभाट पुरपाड़ भैरागांव के आश्रित ग्राम बालिकाओं के लिए सुविधाजनक प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास का मांग पूरा हुआ जिसका लाभ क्षेत्र के सभी बालिका वर्ग को उनके अध्ययन अध्यापन के लिए होगा सभी वर्तमान में ग्राम पंचायत के द्वारा तारावती बघेल



अध्यक्ष एवं पंचायत के सरपंच दीपक दुग्गा सुनील नुरेटि चंदेल कमेटी सोनू उसेंडी सुशील नुरेटी तेज सिंह बघेल एच के साहु प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार सुखदेव नीरज गजेंद्र सुरेश पटेल बिशोद नाग दामू बघेल धननु वाकडा प्यारे हुसेण्डी तथा स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। तथा साथ ही जनपद सदस्य कोलार के सभी सरकारी संस्थानों में डस्टबिन का विवरण किया गया।

# नशा उन्मूलन के लिए युवा थीम पर सेलेगांव में रासेयो शिविर हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नशा नाश की जड़ है आज नशा चारों ओर बहुत तेजी से फैल रहा है। लोगों के लिए नशा एक गंभीर समस्या बन चुकी है। भारत जैसे युवाओं के देश को नशा मुक्त होने की जरूरत है तभी हम एक विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे, तभी हमारा देश उज्जवल बन सकेगा। इन्हीं उद्धेश्यों की प्राप्ति हेतु डॉक्टर डी एल पटेल कार्यक्रम समन्वयक रासेयो शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर एवं गौतमराम नायक प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राथमिक शाला आवासपारा सेलेगांव में हुआ। युवाओं के प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एनएसएस ध्वजारोहण मुख्य अतिथि सतीश लाटिया जिलाध्यक्ष भाजपा जिला कांकेर द्वारा किया गया। स्व्यमसेवकों को संबोधित करते हुए इन्होंने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। नशे से दूर रहकर ही युवा देश के विकास में अपनी सहभागिता दे सकता है। अध्यक्षता प्रदीप ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत



सेलेगाँव द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी के एल कटेंद्र ने बतलाया कि इन सात दिनों में हमारे पचास स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी, योगाभ्यास, बौद्धिक चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नशा के व्यवसन से दूर रहने की सलाह दी जाएगी एवम ग्रामवासियों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर अनूप राठौर कोरर मंडल अध्यक्ष, जय शिवना मंडल महामंत्री भाजपा, बोधनराम साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत सेलेगाँव, पीयूष कश्यप, कृष्ण कुमार शुक्ला, फागूराम साहू, बंशीराम साहू, रामा साहू, व्याख्याता रैनसिंह दर्रो, पुकेश्वर साहू, श्रीमती जागृति ध्रुव समस्त स्वयंसेवक एवं समस्त ग्राम वासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




